कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री शमीम अहमद पुत्र श्री मौ0 अकबर, सदर चौक, नागौरी मौहल्ला, दौसा दौसा जिला दौसा राज0 303303

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा जिला दौसा

अपील संख्या 95/2021

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

निर्णय

दिनांक 09.12.2021

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा/प्रभारी अधिकारी जिला अभिलेखागार कलैक्ट्रेट दौसा जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वांछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा से संबंधित है। आवेदक को वांछित सूचना प्राप्त नहीं होने पर उनके द्वारा इस न्यायालय में अपील प्रस्तुत करने पर लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा को इस कार्यालय के पत्र कमांकःडीएम कोर्ट/2021/2764 दिनांक 26.11.2021 द्वारा पत्र जारी कर प्रार्थी को वांछित सूचना उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट चाही गई। लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा जिला दौसा द्वारा पत्र कमांकःआरटीआई/2021/1009 दिनांक 26.11.2021 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट को चाही गई सूचना पत्र कमांकः6364 दिनांक 12.11.2021 के द्वारा उपलब्ध करा दी गई है। इससे स्पष्ट है कि अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध कराई जा चुकी है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(पीयुष समारिया)
जिला कलक्टर, दौसा

जिला कलक्टर,दौसा